अभियान के दौरान 16 हजार 548 अवैध जल कनेक्शन हटाए

अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरूद्ध 17 लाख 11 हजार रुपये की लगी पेनल्टी

जयपुर। प्रदेश में अवैध कनेक्शन के विरूद्ध संचालित अभियान के दौरान 16 अक्टूबर तक 18 हजार 523 अवैध जल कनेक्शन चिन्हित किये गए। इनमें 16 हजार 548 हटाए गए एवं 980 नियमित किए गए। अभियान के तहत अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरूद्ध 17 लाख 11 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई। वही अवैध कनेक्शन लेने वालो के विरूद्ध 12 एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। सर्वाधिक 2 हजार 365 अवैध कनेक्शन जयपुर शहर में हटाए गए।

प्रमुख शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल भास्कर ए सावंत ने बताया कि डीग में 1854, जोधपुर में 1003, डीडवाना कुचामन में 988, तथा गंगापुर सिटी में 880 अवैध कनेक्शन हटाए गए। इसके अलावा अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरूद्ध नीम का थाना में 6, जैसलमेर में 4, सांचौर में 1 एवं अजमेर में 1 सहित 12 जनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई।

■ **12 अवैध कनेक्शन लेने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध हुई एफआईआर दर्ज**

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि अभियान के दौरान भरतपुर रीजन में 4 हजार 678 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 4 हजार 315 कनेक्शन हटाए गए एवं 358 कनेक्शन नियमित किये गए। इसी तरह अजमेर रीजन में 3 हजार 796 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 3 हजार 340 कनेक्शन हटाए गए एवं 96 कनेक्शन नियमित किये गए। अलवर रीजन में 210 अवैध कनेक्शन चिन्हित किये गए जिनमें से 174 कनेक्शन हटाए गए एवं 29 कनेक्शन नियमित किए गए। बीकानेर रीजन में 906 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 829 कनेक्शन हटाए गए एवं 41 कनेक्शन नियमित किए गए। चूरू रीजन में 402 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 314 कनेक्शन हटाए गए एवं 7 कनेक्शन नियमित किए गए।

जयपुर प्रथम रीजन में 635 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 498 कनेक्शन हटाए गए एवं 71 कनेक्शन नियमित किए गए। जयपुर द्वितीय रीजन में 3 हजार 132 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 2 हजार 365 कनेक्शन हटाए गए एवं 76 कनेक्शन नियमित किए गए। जोधपुर प्रथम रीजन में 1 हजार 719 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 1 हजार 444 कनेक्शन हटाए गए एवं 58 कनेक्शन नियमित किए गए। जोधपुर द्वितीय रीजन में 1 हजार 384 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 1 हजार 185 कनेक्शन हटाए गए एवं 183 कनेक्शन नियमित किए गए। कोटा रीजन में 1 हजार 477 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 1 हजार 446 कनेक्शन हटाए गए एवं 20 कनेक्शन नियमित किए गए। उदयपुर रीजन में 184 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 138 कनेक्शन हटाए एवं 41 कनेक्शन नियमित किए गए।

पूरक परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली समस्त स्नातक पूरक परीक्षाओं के कार्यक्रम में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा किये गये इस परिवर्तन के अनुसार पूर्व में निर्धारित 22 अक्टूबर को निर्धारित परीक्षा अब 26 अक्टूबर को 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाली परीक्षा 5 नवंबर को एवं 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा अब 6 नवंबर को आयोजित होगी।

छात्रवृत्ति को पंजीयन 31 तक

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षिणक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षण संस्थाएं छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक कर सकते है। पूर्व में संस्थाओं हेतु कोर्स मैपिंग मान्यता एवं पाठ्यक्रम वार फीस स्ट्रक्चर आदि अद्यतन करने हेतु 20 अक्टूबर नियत थी।

शिक्षा में निवेश के लिए प्रयास हो तेज : अविचल चतुर्वेदी

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से यूडाइस एवं एपीएएआर आईडी जनरेशन की समीक्षा की।

जयपुर। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी शुक्रवार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से यूडाइस एवं एपीएएआर आईडी जनरेशन की समीक्षा कर न्यून प्रगति वाले जिलों को तय सीमा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राईजिंग राजस्थान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत शिक्षा विभाग द्वारा दान-दाताओं एवं प्रवासी राजस्थानियों से शिक्षा में निवेश करवाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर के अधिकारी दान-दाताओं को ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से राईजिंग राजस्थान से जोड़ना सुनिश्चित करें ताकि दान-दाताओं को राज्य स्तर पर पहचान प्राप्त हो सके। शिक्षामंत्री महोदय के प्रयासों से प्रवासी राजस्थानी पैतृक जिलों में निवेश में रूचि दिखा रहे हैं। उन्होंने जिला अधिकारियों को जिलों में अवसंरचना से संबंधित तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बालिका विद्यालयों से आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव अविलम्ब प्रेषित करने के निर्देश दिए।

■ **राजकीय विद्यालयों में बालिका सुरक्षा और ऑनलाइन डेटा अपडेशन के निर्देश दिए**

चतुर्वेदी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से शाला दर्पण पर सूचनाओं के और ऑनलाइन डेटा के अपडेशन के निर्देश दिए। साथ ही साथ जिलावार राजकीय विद्यालयों में मूलभूत आवश्यकताओं यथा लैब, स्मार्ट क्लास आदि की सूची प्रेषित करने और कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण सुनिश्चित करने व बालिकाओं की सुरक्षा में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

वीसी में एपीएएआर आईडी और यूडाईस डेटा अपडेशन के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के क्रम में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। वीसी में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रौनक बैरागी, उपायुक्त श्रीमती मोनिका बलारा एवं परिषद् के अधिकारी उपस्थित रहे। समस्त जिलों के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी-प्रारम्भिक एवं माध्यमिक, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी एवं समस्त प्रधानाचार्य वीसी में जुड़े।

नौकरी का झांसा देकर युवक से ठगी

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके में नौकरी का झांसा देकर एक युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार देवराला श्रीमाधोपुर निवासी सज्जन कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वाट्सअप पर एक ग्रुप बना हुआ था। इस ग्रुप की लड़की ने उसे वाट्सअप कॉल किया और अपना नाम नेहा बताया। ऑनलाइन नौकरी कर मोटा पैसा कमाने का लालच दिया। इसके बाद युवती ने उसे एक लिंक भेजा। इससे वह उस कंपनी के ग्रुप से जुड़ गया। इसके बाद उससे अलग-अलग कई बार ऑनलाइन भुगतान करवाया गया। पीडिता ने चार-पांच बार में करीब 56 हजार से ज्यादा की राशि आरोपी के बताए नम्बरों पर डाल दिए। इसके बाद पीड़ित को अंत में केवल 37053 रुपए ही मिले। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस थाने पहुंच कर उसके साथ हुए ठगी के बारे में बताया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

'कला विषमता को दूर कर कलुषिता को धोती है'

जयपुर। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती का तीन दिवसीय "राष्ट्रीय कला मिलन उत्सव" का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ।

गुलाबी नगर जयपुर के मानसरोवर की कृष्णा सागर कालोनी स्थित महेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन अभिनंदन के सभागार में कला संवाद (संगोष्ठी) संपन्न हुआ। संवाद में भारतीय कला दृष्टि और आध्यात्म विषय पर राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष ने बताया कि भारतीय कला दृष्टि समग्र जीवन को प्रतिबिंबित करती है। मानव जीवन के लौकिक और लोकोत्तर सभी पक्ष हमारी सारी कलाओं में चित्रित और निर्मित होते हैं।

जीवन के अधूरे छूटे हुए स्वप्नों, आकांक्षाओं और लक्ष्यों को हम कला के माध्यम से पूर्ण कर आनन्द अनुभव करते हैं। कलाओं में आध्यात्मिक दृष्टि के कारण कलाकार सम्पूर्ण चराचर को अपने से अलग नहीं समझता और उन्हें अपनी निर्मिति में संयोजित करता है। जो कला मम से ममेतर को, प्रत्यक्ष से परोक्ष को और लौकिक से अलौकिक को जोड़ती है वह उतना ही आध्यात्मिक दृष्टि से सम्पन्न होती है।

■ **कला संवाद (संगोष्ठी) में विद्वानों ने विचार प्रकट किए**

चित्र, नृत्य, मूर्ति, संगीत ये सभी कलाएं ऐन्द्रिक सुखानुभूति विषयों के स्तर से ऊपर मनुष्य को उठाकर आनन्दमय कोष की ओर ले जाती है। यही उनके आध्यात्मिक स्तर का प्रमाण है। शास्त्रों में इस आनन्द को ब्रह्मानन्द सहोदर कहा जाता है।

सौन्दर्य शास्त्र की भारतीय अवधारणा विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग तथा पत्रिका एवं जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.(डा.) नंदकिशोर पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय सौन्दर्यशास्त्र में आध्यात्मिकता की प्रस्तुति है। इसी दृष्टि से वाल्मीकि रामायण से लेकर अभी तक के साहित्य और शिल्प में इसे प्रस्तुत किया जा रहा है। भारतीय वाद्य, संगीत, नाट्यय तथा निर्माण कला अध्यात्म को ही पुष्ट करते हैं। इसके माध्यम से भारतीयों ने जीवन जीने की कला सीखी है और मोक्ष की साधना की है।

कला संवाद का संचालन संस्कार भारती जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष जितेन्द्र जालोरी ने किया और जयपुर प्रांत की अध्यक्ष डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

संस्कार भारती , जयपुर प्रांत द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय कलामिलन उत्सव" के अवसर पर मालवा की प्रसिद्ध देवी अहिल्याबाई पर आधारित नाटक "पुण्यश्लोका अहिल्याबाई" का मंचन किया गया। अहिल्याबाई एक अत्यंत प्रजावत्सल, न्यायदानी, राजनीति निपुण, सादगी की प्रतिमूर्ति शासिका थी। उन्होने अपनी निजी संपत्ति का उपयोग करते हुए भारत भर में 300 से अधिक मंदिरों, कुओं, बावड़ियों और अन्नक्षेत्रों की स्थापना की।उनके जीवन में अनेक पारिवारिक एवं राजनीतिक चुनौतियां आईं किन्तु उन्होंने बड़ी दृढ़ता से सभी का सामना करते हुए अपना धर्म किस प्रकार निभाया। इसी को इंगित करता हुआ इस नाटक का सशक्त प्रस्तुतीकरण रहा। इस नाटक का लेखन-निर्देषन संदीप लेले ने किया। नाटक में प्रकाश, पल्लवी, हृदया, विदुषी, सक्षम, समर्थ, गौरव, देव, सुयष, इंद्रपालसिंह, सुरुचि, अंकित, राहुल ने अभिनय किया। गीत गरिमा शर्मा, संगीत श्याम रेड्डी ने दिया। वेशभूषा मंजरी ,रंग सज्जा रवि बांका तथा नृत्य संयोजन याशिका का रहा ।

पशुपालन विभाग की बैठक

जयपुर। जयपुर के टोंक रोड स्थित राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के सभागार में कल 19 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे एक बैठक का आयोजन किया गया है। पशुपालन विभाग के सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी), भारत सरकार द्वारा राजस्थान में संचालित विभिन्न योजनाओं के मूल्यांकन हेतु राष्ट्रीय स्तर के मॉनीटर्स (एनएलएम) के दल का चार दिवसीय दौरा संपन्न हो गया। अपने चार जिलों दौरे के बाद दल के सदस्य इस बैठक में अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ शर्मा ने बताया कि मानीटर्स के दल ने प्रदेश के चार जिलों का दौरा कर योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों और प्रगति का आकलन किया। जिलों में भ्रमण के दौरान दल के सदस्यों ने स्थानीय पशुपालकों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं और संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में उनके सुझाव भी प्राप्त किए।

डॉ शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एनएलएम एक विस्तृत रिपोर्ट डीएएचडी को प्रस्तुत करेंगे जिससे पारदर्शी, उत्तरदायित्वपूर्ण और कुशल कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके और निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए प्रदेश के पशुपालकों को सशक्त और समृद्ध बनाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि मॉनीटर्स के इस राष्ट्रीय दल ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अलवर, सीकर, जोधपुर और कोटा जिलों का दौरा किया है।

सराफ बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमार सैनी ने विधायक कालीचरण सराफ को सक्रिय सदस्य बनाकर मालवीय नगर विधानसभा में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। नटवर कुमावत ने बताया की विधायक सराफ ने स्वयं की आईडी (रेफरल कोड) से 5035 सदस्य बनाये है। इस अवसर पर राजा पार्क मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा,महेश नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अजमेरा, राजेश कुमावत मौजूद थे।

सहकार भवन स्थित उपहार स्टोर पर मिलेंगी ताजी सब्जियां और फल

जयपुर। राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) ने ग्रीन इनीशियेटिव के तहत सहकार भवन स्थित अपने उपहार स्टोर से आज शुक्रवार को सब्जियों और फलों की बिक्री प्रारम्भ की गई। उपहार स्टोर पर चौमूं के मीठे पानी की ताजी सब्जियां और सीजनल फल की पूरी वैरायटी उपलब्ध कराई गई है ताकि एक ही छत के नीचे परिवार की जरूरत पूरी हो सके।

स्टोर का शुभारम्भ करते हुए शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग मंजू राजपाल ने कहा कि कॉनफैड का यह ग्रीन इनीशियेटिव आमजन के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिये किया गया नवाचार है। इस स्टोर पर सीजनल फलों तथा चौमूं क्षेत्र में मीठे पानी से उपजाई ताजी सब्जियां प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयोग सफल होने पर उपहार के अन्य स्टोर पर भी सब्जियां उपलब्ध कराने की योजना है।

राजपाल ने कहा कि सहकारिता एक सबके लिये सब एक के लिये के मूल मंत्र को अपनाते हुए कार्य करती है और इसी ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए हम नवाचारों को अपना रहे हैं। इस अवसर पर कॉनफैड की प्रबंध संचालक शिल्पी पाण्डे, महाप्रबंधक अनिल कुमार, राजेन्द्र सिंह सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग मंजू राजपाल ने राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) ने ग्रीन इनीशियेटिव के तहत सहकार भवन स्थित अपने उपहार स्टोर शुक्रवार को शुरू किया। स्टोर से सब्जियों और फलों की बिक्री प्रारम्भ की गई।

तीये की बैठक

हमारे अनुज भ्राता **सुरेन्द्र सिंह मीणा** (Retd. CEGE: NWR) पुत्र स्व. श्री उदय सिंह जी मीणा आकस्मिक निधन 17.10.24 को हो गया है। तीये की बैठक 19.10.24 (शनिवार) को सायं 4 से 5 बजे तक हमारे निवास स्थान प्लॉट नंबर 18 लाजपत नगर खातीपुरा रोड झोटवाड़ा जयपुर पर होगी।

शोकाकुल- श्री निहाल सिंह (चाचाजी), सुभाष सिंह मीणा (भाई), राज (सुजाता) (धर्मपत्नी), सुशोभित, सुधांश (भतीजे), साक्षी (पुत्री) एवं समस्त मीणा (गोमलाडू) परिवार। मो. 9099091231

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ लगातार झोटवाड़ा के विकास कार्य का ले रहे अपडेट

जयपुर। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ जनसेवा, जन सुविधाओं के तहत बेहतरीन विकास कार्यों के लिए जनता के दिलों में ख़ास जगह बनाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से विकसित झोटवाड़ा-विकसित राजस्थान के संकल्प को साकर कर रहे हैं।

इसी कड़ी में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और परिवहन व यातायात विभाग के अधिकारियों के साथ विकास परियोजनाओं की प्रगति, जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशासनिक सुधारों एवं आगामी नीतिगत पहलों पर विस्तृत चर्चा की साथ ही अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने, जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया।

स्थानीय क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान हो या बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, जनहितैषी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाना हो या नागरिकों तक मूलभूत सुविधाएं सुलभ, सरल तरीके से पहुंचाना हो, इन सबके लिए निरंतर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ निरंतर नागरिकों, विभागों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी और दूरदर्शी मार्गदर्शन में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ प्रत्येक विकास कार्य को योजनाबद्ध तरीके से कर रहे हैं। इसी का सुखद परिणाम है कि कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ 9 महीने में ही 986.8 करोड़ के विकास कार्य करवा रहे हैं। जिससे झोटवाड़ा लगातार समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में झोटवाड़ा अंत्योदय से सर्वोदय के पथ पर निरंतर अग्रसर है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की यही प्रतिबद्धतापूर्ण, समर्पित भावना वाली पारदर्शी कार्य-संस्कृति नए झोटवाड़ा-समृद्ध राजस्थान की पहचान है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की 5 साल की विकास परियोजनाएं आने वाले कई दशकों की वृद्धि और विकास की परिचायक हैं।

महाराजा महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर संवाद

जयपुर। महाराजा महाविद्यालय में आज सर्ट इन-इण्डियन कम्प्यूटर इमरजैन्सी रिस्पांस टीम द्वारा नेशनल साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस मन्थ अक्टूबर 2024 के तहत डॉ. सी.बी.एस साइबर फाउण्डेशन, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में लेटेस्ट ट्रैड ऑफ साइबर एब्यूसः मोडस ऑपरेन्डी विषय पर व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाराजा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गजेन्द्र पाल सिंह ने इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज के युग में साइबर एब्यूज एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है जिसके लिए समस्त शिक्षक, अशैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्रों को जाग्रत होना आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुजीत पाराशर, साइन्टिस्ट सी, सर्ट इन-इण्डियन कम्प्यूटर इमरजैन्सी रैस्पोन्स टीम, मिनिस्ट्री ऑफ इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी ने साइबर क्राइम के आधुनिकतम तरीकों से छात्रों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सी.बी. शर्मा, आई.पी.एस, सेवानिवृत सीईओ सीबीएस साइबर सिक्योरिटी सर्विसेज ने साइबर अब्यूज से बचने के तरीकों पर प्रकाश डाला।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। **एनआईटी संख्याः** ईएल/जेपी/आर-07/2024-25 **कार्य का नामः** Provision of 1.5 RT Window AC unit & 1.5TR split AC Units on hire basis for Five years over Jaipur Division. **अनुमानित लागत (रू.):** 19747170.00 **बयाना राशिः** 248700.00/- **निविदा खोलने की तिथिः** 11.11.2024 **नोटः ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समयः** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पताः** http://www.ireps.gov.in

1208-PM/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री जगन लाल तंवर पुत्र स्व. श्री भूरा राम तंवर, निवासी 364, चार दरवाजा बाहर, मण्डी खटीकान, रामगंज बाजार, जयपुर के हैं। मेरे अभिभाष्य के भाई गंगा सहाय उर्फ पप्पू के पुत्र संदीप तंवर उर्फ डब्बू ने अपने सम्पूर्ण शैक्षिक दस्तावेजात में संदीप तंवर उर्फ जगन लाल तंवर लिखा था है, जबकि संदीप तंवर पुत्र गंगा सहाय तंवर है और संदीप तंवर मेरे अभिभाष्य के नाम से दुरूपयोग कर मेरे अभिभाष्य की संपत्ति में जबरन हिस्सा लेना चाहता है, जबकि मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्ति में संदीप तंवर का कोई हक व हिस्सा नहीं है व ना ही मेरे अभिभाष्य ने कोई गोदनामा/प्रलेख निष्पादित कर रखा है। अगर संदीप तंवर मेरे अभिभाष्य के नाम की सम्पत्ति के बाबत कोई भी क्रय-विक्रय अथवा लेन-देन करता है तो अवैध व शून्य हो। मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति व एतराज हो तो मय साक्ष्य इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मुझसे संपर्क कर प्रस्तुत करें, बाद गुजरने मियाद आपत्ति व एतराज अमान्य होगी सूचित रहे।

दिनांक-19.10.2024 (हरफूल खींची) एडवोकेट मो.नं. 9929765928

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति मकान स्थित दाता हाउस, मालियों के मोहल्ले के पास, बांदोलि दरवाजा बाहर, जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 209.72 वर्गगज है, जो कि जयसिंह के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति है। जय सिंह ने रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 20.06.2008 द्वारा सम्पत्त सिंह को उपहार कर दिया। सम्पत सिंह ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.03.2014 द्वारा ग्यारसी लाल गुप्ता व राजेश गुप्ता को विक्रय कर दिया। ग्यारसी लाल गुप्ता एवं उनकी पत्नी श्रीमती रूकमणी देवी के स्वर्गवास पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में उनकी पुत्री श्रीमती पुष्पा विजय व पुत्र राजेश गुप्ता संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी काबिज हुए। श्रीमती पुष्पा विजय ने उक्त सम्पत्ति में ग्यारसी लाल गुप्ता के निहित हिस्से में निहित अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 13.07.2021 द्वारा राजेश गुप्ता के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार राजेश गुप्ता उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए, अब उक्त सम्पत्ति सम्पूर्ण पर मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDBFS से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट(एस. आर. एम. पार्टनर)
दिनांक : 18.10.2024 पताः- 82, एवरेस्ट विहार, किन्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर (राज.)

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती खुशबू बाफना पत्नी श्री जयप्रकाश बाफना, निवासी Flat No. 304 on 3rd Floor, "Laxmi Vihar Apartment', Plot D-42, Hathi Babu Marg, Banipark, Jaipur अपने स्वामित्व के Flat No. 304 on 3rd Floor, Built-up Area 1368.50 Sq. Ft., "Laxmi Vihar Apartment', Plot D-42, Hathi Babu Marg, Banipark, Jaipur को बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा पार्क स्ट्रीट में PNB HFL से अपना गृह ऋण टेकओवर करवाकर उक्त प्रोपर्टी बंधक कर गृह ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, जनसाधारण आदि को कोई भी आपत्ति हो, तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उक्त सम्पत्ति को रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा सूचित रहे। दि. : 18.10.2024

विक्रम पारीक (एडवोकेट) प्लॉट नं. 136, गणेश नगर-II, टांक फार्म, सीतावाली फाटक, बैनाड़ रोड, जयपुर, मो. 9314646008
E-Mail : VIKRAM.PAREEK7S@gmail.com

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-4321 दिनांक-17.10.2024

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास संख्या 164/46 (LIG) का आवंटन श्री सोहन लाल पुत्र श्री दौलतराम को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1749 दिनांक 21.03.2005 के द्वारा जारी किया गया था। श्री सोहन लाल द्वारा श्रीमती सरिता शर्मा पत्नी श्री शिव प्रकाश शर्मा को दिनांक 11.12.2009 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती सरिता शर्मा द्वारा श्री सोहन लाल पुत्र श्री दौलतराम के पक्ष में पंजीयन निष्पादन दिनांक 01.02.2010 को करवाया गया। श्रीमती सरिता शर्मा द्वारा मुख्यारआम की हैसियत से पंजीयन पश्चात उक्त आवास का विक्रय कर श्रीमती भगवती देवी शर्मा पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा को दिनांक 01.02.2010 विक्रय पत्र उप पंजीयक-द्वितीय जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती भगवती देवी शर्मा द्वारा उक्त आवास को श्रीमती कृष्णा पत्नी श्री गोविन्द कुमार गौतम को विक्रय कर हमके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 15.02.2017 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। आवेदिका श्रीमती कृष्णा द्वारा डी.सी.बी. बैंक की पूर्नभुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में बन्धक रखा गया ऋण के भुगतान में असफल रहने के कारण डी.सी.बी. बैंक द्वारा ई नीलामी के माध्यम से दिनांक 27.10.2023 के अनुसार उक्त आवास श्री नीरज मीणा पुत्र श्री मोती लाल मीणा के द्वारा दिनांक 26.12.2023 को क्रय कर कार्यालय उप पंजीयक जयपुर-द्वितीय के यहाँ विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता-क्रेती श्री नीरज मीणा पुत्र श्री मोती लाल मीणा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री नीरज मीणा पुत्र श्री मोती लाल मीणा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र वत्सल मालपानी की वास्तविक जन्म दिनांक 16.01.2011 है जबकि कुछ कागजातों में इस गलत लि दिया गया है। भविष्य में दिनांक 16.01.2011 को ही सही माना जाये। विकास मालपानी निवासी बी-79, ब्लॉक नं. बी, फ्लेट नं. 102, आर्य नगर विस्तार, मुरलीपुरा, जयपुर।

मैंने अपना नाम रणपाल सिंह पुत्र श्री चन्दगी राम चौधरी से बदलकर रणपाल सिंह चौधरी कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता- के-1, महावीर नगर-1, टोंक रोड, दुर्गापुरा, जयपुर, राजस्थान-302018

I Krishan Kumar Mundotiya S/o Deva Ram Raigar R/o Raigran Mohalla, Abhawas, Sikar, Rajasthan - 332602, have changed my name to Kalu Ram Raigar

I harpal singh S/O Army no 2888767A Ex Hav Late laxman singh S/O bhanwar singh R/O village balekhan post loharwada teh. Chomu dist jaipur that have changed my name HARPAL SINGH To HARPAL SINGH SHEKHAWAT vide Affidavit dated 15 oct.2024 before district notary Jaipur

I Prem kaur legally wedded spouse of army no 2672398A Ex RECT manohar singh R/O vpo manpura machedi teh.amer dist.jaipur that have changed my name From PREM KAUR (DOB 28/12/1963) is wrong entered in service record To PREM KANWAR (DOB 4/2/1961) vide affidavit dated 15 oct.2024 before district notary Ja